हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर]

05 सफाई, यात्री सुविधाओं व व्यवस्थाओं पर मांगे सुझाव, फीडबैक...



06 प्लेटफॉर्म पर रेल अधिकारियों ने लगाया रेल जन संवाद कैम्प



खबर संक्षेप में

प्राचार्य विनोद कुमार को आलोट का अतिरिक्त प्रभार



किशनगढ़ ताल। विकासखंड शिक्षा विभाग में प्रशासनिक जिम्मेदारी के निर्वहन को लेकर प्राचार्य विनोद कुमार शर्मा को विकासखंड शिक्षा अधिकारी आलोट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। बताया जाता है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही को लेकर जिलाधीश की नाराजगी के बाद विभाग द्वारा यह निर्णय लिया गया है। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताल के संकुल प्राचार्य विनोद कुमार शर्मा को नई जिम्मेदारी सौंपे जाने से शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है।

संबल योजना के तहत सहायता राशि की प्रदान



नलखेड़ा। प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना के माध्यम से नगर परिषद नलखेड़ा द्वारा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। सरकार की सम्बल योजना अंतर्गत वार्ड 13 के सोनू दुधेला की मृत्यु हो जाने पर उनके पिता बसंतीलाल दुधेला को उनके निवास पर जाकर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नीलेश लोढ़ा, पार्षद गोवर्धन वेदिया, मनोज गायरी आदि के द्वारा सहायता राशि प्रदान की गई।

4 दिन से बेमौसम बारिश

सीहोर। जिले में मानसून की विदाई के बाद भी बारिश का दौर जारी है। पिछले चार दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश से मौसम में ठंडक बढ़ गई है। इस सीजन में अब तक 40.75 इंच बारिश दर्ज की गई है, जबकि 44 दिन बारिश वाले रहे। बेमौसम बारिश से खेतों में खड़ी सोयाबीन और अन्य पकी फसलों को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। पिछले चार दिनों में दो दिन सीहोर शहर और आसपास के नगरीय क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई। इससे सड़कों पर पानी भर गया और तापमान में गिरावट से ठंडक महसूस होने लगी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार फुहारें और हल्की बारिश हो रही है। मौसम में बदलाव के पीछे सक्रिय वेदर सिस्टम और चक्रवात का असर बताया जा रहा है। हवा का रुख बदलने और दक्षिण-पूर्वी हवाओं के सक्रिय होने से वातावरण में नमी बढ़ी है। इसके चलते सीहोर सहित प्रदेश के कई जिलों में बादल छाने और गरज-चमक के साथ बारिश होने का दौर जारी है।

कलेक्टर डॉ. मीना और पुलिस अधीक्षक सोनी वीसी में हुए शामिल

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जनसुरक्षा, पशुपालन प्रोत्साहन और विकास कार्यों की समीक्षा की

कार्बाइड गन के उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण, पराली जलाने की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के निर्देश

गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और पशुपालकों को मिलेगा प्रोत्साहन



बैठक में गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के माध्यम से दुग्ध उत्पादन एवं गोपालन को प्रोत्साहित करने पर चर्चा की गई। योजना का उद्देश्य वर्तमान दुग्ध उत्पादन वृद्धि दर को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना तथा प्रदेश में दुग्ध संकलन को 10 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 50 लाख लीटर प्रतिदिन करना है। इसके साथ ही भारतीय उन्नत नस्ल की गायों के पालन को बढ़ावा देने और किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य की पूर्ति में सहयोग पर जोर दिया गया। योजना के अंतर्गत प्रत्येक वृंदावन ग्राम में श्रेष्ठ दुग्ध उत्पादक गायों का पालन करने वाले पशुपालकों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य पशुपालकों को उन्नत नस्ल की गायों के पालन और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है। बैठक में आगामी 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती, 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस तथा गोवर्धन पूजा के कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारियों पर भी चर्चा की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई। इसमें आगर कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीएस सोलंकी, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर मिलिंद ढोके विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी शामिल हुए। बैठक में शासकीय योजनाओं की प्रगति, कानून व्यवस्था, जनस्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा आगामी आयोजनों की तैयारियों पर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने पटाखों में उपयोग से होने वाली कार्बाइड गन के नियमन के संबंध में सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन गनों में उपयोग होने वाली एसिटिलीन गैस से गंभीर विस्फोट होने की आशंका रहती है, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इनके उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण किया जाए। मुख्यमंत्री ने पराली जलाने की घटनाओं पर भी गंभीरता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ऐसी घटनाओं की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करने तथा प्रत्येक प्रकरण में समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा। मौसम में परिवर्तन के कारण होने वाली बीमारियों की रोकथाम के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। संबंधित विभागों को आवश्यक स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, बीमारियों से बचाव के उपायों तथा जन-जागरूकता गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। त्योहारों एवं मेलों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की गई। खाद्य सामग्री में मिलावटखोरी रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने, वर्षा के बाद निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने पर भी जोर दिया गया।

जिले में उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण

नलखेड़ा। रबी सीजन के लिये जिले में पर्याप्त उर्वरक का भण्डारण उपलब्ध है। शासन द्वारा जिले को उज्जैन एवं शाजापुर रैक पॉइंट से उर्वरकों की निरंतर आपूर्ति की जा रही है। इससे जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। उप संचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि जिले में वर्तमान में यूरिया 2,704 मीट्रिक टन, डीएपी 2,658 मीट्रिक टन, एनपीकेएस 3,657 मीट्रिक टन, एमओपी 97 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 5,763 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। जिले में रबी फसलों के लिए अब तक यूरिया 12,186 मीट्रिक टन, डीएपी 6,795 मीट्रिक टन, एमओपी 273 मीट्रिक टन, एनपीकेएस 5,895 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 10,767 मीट्रिक टन उर्वरक किसानों को वितरित किया जा चुका है। रबी वर्ष 2026-27 में जिले में गेहूं का अनुमानित क्षेत्राच्छादन 1,48,500 हेक्टेयर, चना 5,500 हेक्टेयर, मसूर 9,500 हेक्टेयर, राई/सरसों 16,100 हेक्टेयर तथा अलसी 500 हेक्टेयर रहने की संभावना है। जिले के किसानों से अपील की है कि रबी वर्ष 2026-27 के लिए ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ई-टोकन बनना प्रारंभ हैं। किसान भाई ई-टोकन के माध्यम से अपनी पसंद के उर्वरक विक्रेता से आवश्यकतानुसार अनुशंसित मात्रा में निर्धारित मूल्य पर उर्वरक प्राप्त करें। किसान ई-टोकन व्यवस्था का लाभ उठाकर बिना किसी परेशानी के उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं।

विद्यार्थियों के बीच पहुंचे कलेक्टर, पूछा- कैसी चल रही है पढ़ाई ?

पीएम श्री स्कूल श्यामपुरा में कलेक्टर ने किया कक्षाओं व प्रयोगशाला का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना गुरुवार को सुसनेर विकासखंड के पीएम श्री विद्यालय श्यामपुरा के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। इस दौरान वे सीधे कक्षाओं में गए, विद्यार्थियों के बीच बैठे और उनसे आत्मीय संवाद किया। कलेक्टर डॉ. मीना ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई, नियमित कक्षाओं, शिक्षकों की उपलब्धता एवं विद्यालय में बालक-बालिकाओं के लिए अलग से सुविधा घर की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था आदि सुविधाओ के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से पूछा कि वे विद्यालय कितनी दूरी से आते हैं, किस साधन से आते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को सुनकर उनका समाधान भी किया। कलेक्टर ने विद्यालय की भौतिक साइंस लैब का अवलोकन कर उपकरणों एवं प्रयोग सामग्री की उपलब्धता देखी।

उल्लेखनीय है कि पीएम श्री विद्यालय श्यामपुरा में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लगभग 650 छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुविधा मिल रही है। कलेक्टर डॉ. मीना ने प्राचार्य एवं शिक्षकों को निर्देश दिये कि निर्धारित पाठ्यक्रम एवं समय-सारणी के अनुसार अध्यापन कार्य सुनिश्चित किया जाये, ताकि विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, जिला जनसंपर्क अधिकारी जगदीश चंद्र मालवीय, जिला शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे, जनपद सीईओ अभिषेक यादव सहित अन्य अधिकारी, विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

परिधि बैरागी ने जिले का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ किशनगढ़ ताल



स्थानीय पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट जिला रतलाम 2 मध्य प्रदेशके मीडिया प्रभारी मनोज कुमार जोशी द्वारा बताया गया कि पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट जिला रतलाम 2 मध्य प्रदेश की कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत होनहार प्रतिभावान छात्रा परिधि बैरागी पिता श्याम दास बैरागी ने विद्यालय में वर्षा जल संग्रहण विषय पर राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक कांग्रेस कार्यक्रम में रतलाम जिले के साथ मध्य प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। विद्यालय के प्राचार्य शांतिलाल तेली ने कहा कि बालिका परिधि बैरागी द्वारा अनुशासित तरीके से विद्यालय के सामाजिक विज्ञान शिक्षक हर्ष माथुर के साथ मार्गदर्शन एवं सहभागिता कर राष्ट्रीय स्तर पर बाल वैज्ञानिक कांग्रेस कार्यक्रम में भागीदारी कर विद्यालय एवं भोपाल क्षेत्र का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर करेगी। इस कार्यक्रम मे विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका राधिका झवर एवं खेल शिक्षिका प्रीति चौहान द्वारा परिधि को एस्कॉर्ट के रूप में निर्देश प्रदान कर संकुल स्तर पर जेएनवी ग्वालियर एवं क्षेत्रीय स्तर पर जेएनवी आगर मालवा में परिधि को प्रोत्साहित करते हुए उसे राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया। इस अवसर पर विद्यालय की उप प्राचार्या सुचिता खुराना सहित विद्यालय के शिक्षकों एवं अभिभावक परिषद द्वारा भी परिधि पिता श्याम दास बैरागी की सराहना कर उसे बधाई शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया।

रामायण काल के अंहकारी रूपी रावण के साथ, वोट चोरी करने वाले ज्ञानेश कुमार का जला रावण रूपी पुतला

सीहोर। विजयादशमी के अवसर पर बुराई के प्रतीक रावण दहन की तर्ज पर सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय बस स्टैंड पर विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञानेश कुमार का रावण रूपी पुतला दहन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कथित चंदा चोरी तथा वोट चोरी के मुद्दे को लेकर विरोध जताया और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने इलेक्टोरल बॉन्ड एवं राजनीतिक चंदे से जुड़े मामलों और चुनावी अनियमितताओं को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना आवश्यक है। पार्टी नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा कथित भ्रष्टाचार के विरोध में कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती सहित पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कांग्रेस नेताओं ने अपने शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखने की बात कही।

ये रहे उपस्थित : प्रदर्शन में घनश्याम यादव, विष्णु प्रसाद राठौर, राजाराम बड़े भाई राजेंद्र वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, नरेंद्र खंगराले, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, डॉ. अनीस खान, जयंत शाह, मनोज परमार, घनश्याम मीणा, सीताराम भारती, ओम्बाबा राठौर, राजाराम बड़े भाई , के.के. रिछारिया, पंकज शर्मा, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत तोमर, राजेश रैकवाल, कमलेश चांडक, मनीष मेवाड़, सोनू विश्वकर्मा, हरिओम सिसोदिया, शुभम लकी सक्सेना, मुकेश गड़ोदिया, विनेश बिन्ना चौहान, मजीद अंसारी, इरफान लाला, आसिफ अंसारी, तौसीफ पटेल, सोनु सुतार, मांगीलाल टिमरई, अंकित कौशल, संदीप कौशल, विकास विश्वकर्मा, दिव्यांश मालवीय, अरबाज खान, विवेक टांक, रामकिशन मालवीय, ओम सोनी, प्रेमनारायण परमार, नंदकिशोर मालवीय और भगवत सिंह सिलावट सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

माता रानी के लाइव दर्शन के लिए मंदिर के बाहर लगी एलईडी स्क्रीन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर के बाहर एक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई है जिसके माध्यम से भक्तों द्वारा माता रानी के दर्शन के लाभ लिए जा सकते है। जानकारी के अनुसार माँ बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति द्वारा बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से शारदीय नवरात्रि में मंदिर के बाहर स्थाई रूप से एक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई है जिसके माध्यम से माता रानी के लाइव दर्शन होते है। शारदीय नवरात्रि के दौरान लाखो दर्शनार्थियों द्वारा इस एलईडी से दर्शन लाभ प्राप्त किये गए। गौरतलब है कि मंदिर प्रबंध समिति द्वारा प्रातः 10 बजे बाद से दर्शनार्थियों का गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित करते हुए गर्भगृह के बाहर से दर्शन व्यवस्था की गई है ऐसे में दर्शनार्थियों द्वारा एलईडी के माध्यम से माता रानी के लाइव दर्शन के लाभ प्राप्त किये जा रहे हैं।

सलकनपुर से चोरी हुई बोलेरो का रेहटी पुलिस ने किया खुलासा आरोपी गिरफ्तार, वाहन बरामद

रेहटी। सलकनपुर में टैक्सी स्टैंड के पास से चोरी हुई बोलेरो के मामले में रेहटी पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 6 लाख रुपये कीमत की चोरी गई बोलेरो बरामद कर विधिवत जब्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भागीरथ पिता कन्हैयालाल कीर उम्र 32 वर्ष निवासी नयापुरा, थाना सतलापुर, जिला रायसेन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी जितेन्द्र पिता दिलीप सिंह राजपूत उम्र 28 वर्ष निवासी दीपाखेड़ी, थाना बरेली, जिला रायसेन ने 16 अक्टूबर 2026 को थाना रेहटी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि 13 और 14 अक्टूबर की दरमियानी रात सलकनपुर स्थित टैक्सी स्टैंड के पास से अज्ञात चोर उसकी बोलेरो गाड़ी चोरी कर ले गया। शिकायत पर रेहटी पुलिस ने अपराध क्रमांक 583/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे और एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक हिमलेन्द्र पटेल के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर संदेही भागीरथ से पूछताछ की।

40 महिलाएं उद्यम सखी का कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कर रहीं प्राप्त

कलेक्टर ने किया उद्यम सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जिला पंचायत स्थित उद्यम प्रशिक्षण केन्द्र में सात दिवसीय स्व-सहायता समूह की महिलाओं का उद्यम सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। गुरूवार को आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बीएस सोलंकी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस सात दिवसीय प्रशिक्षण में आगर, बड़ौद, सुसनेर एवं नलखेड़ा विकासखंड की चयनित कुल 40 महिलाएँ उद्यम सखी का कौशल उन्नयन प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत ये महिलाएँ उद्यम सखी के रूप में अपने विकासखंड क्षेत्र के ग्रामों में आजीविका मिशन से जुड़कर कार्य करेंगी तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु उनके ऋण प्रकरण तैयार करवाकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य करेंगी। इसके लिए इन उद्यम सखियों को आजीविका मिशन द्वारा निर्धारित मानदेय भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में एनआरएलएम के संजीव सक्सेना ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा से अवगत कराया।

गोशाला में अधिकाधिक पंजीयन करवाकर गोवंश को आश्रय दें: कलेक्टर

नलखेड़ा। कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने गुरुवार को सुसनेर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत पालड़ा में पंचायत द्वारा संचालित श्रीराम गोशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. मीना ने निर्देश दिये कि गोशाला में अधिकाधिक निराश्रित गोवंश का पंजीयन करवाकर उन्हें गोशाला में आश्रय दिया जाए तथा उनकी समुचित देखभाल की जाए। कलेक्टर ने गोशाला में कार्यरत ग्वालों, चौकीदार एवं अन्य स्टाफ की संख्या, पशुओं हेतु गोचर भूमि एवं चारे की उपलब्धता, गोशाला परिसर की भूमि पर करवाये गये पौधरोपण कार्य आदि की जानकारी ली। उन्होंने पंचायत सचिव से गोशाला में वर्तमान में आश्रयरत गोवंश की संख्या, गोवंश की देखभाल हेतु प्राप्त होने वाली राशि एवं उसके उपयोग के संबंध में भी चर्चा की। कलेक्टर डॉ. मीना ने पशुपालन विभाग को गोशाला में आश्रय रत गोवंश का स्वास्थ्य परीक्षण करवाने के निर्देश दिये। साथ ही गोशाला में निवासरत गोवंश की समुचित देखभाल, उपचार व्यवस्था, पशु आहार एवं पेयजल व्यवस्था आदि की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, एसडीएम देव कुंवर सोलंकी, जनपद सीईओ अभिषेक यादव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



खबर संक्षेप

शहर में आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

देवास। जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, विक्रय और परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में 20 अक्टूबर को विभाग की टीम ने शहर और आसपास के संदिग्ध क्षेत्रों में गश्त और दबिश देकर 5 प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किए। कार्रवाई के दौरान 45 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब और 2150 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन और जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया के मार्गदर्शन में गठित टीम ने मीरा बावड़ी, तोड़ी वार्ड, भवानी सागर, अंबेडकर नगर, प्रताप नगर, चंदाना और चाणक्यपुरी मल्टी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी नीलेश पवार, आबकारी उनि प्रेम यादव, योगेंद्र सिंह ठाकुर, अरविंद सोलंकी, राजाराम रैकवार शामिल रहे।

आज चिड़ावद में आयोजित होगा शिविर

देवास। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सुशासन को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए "मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान" के अंतर्गत जिले में विकासखंड स्तर पर प्रति शुक्रवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 23 अक्टूबर को टोंकखुर्द विकासखंड के ग्राम चिड़ावद में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

पुलिस बैंड की धुन पर सैनिकों ने दी मां चामुंडा और तुलजा भवानी को सलामी

भव्य आतिशबाजी के बीच सयाजी द्वार पर रेड कारपेट पर हुआ मां के रथ का स्वागत

21 पंडितों ने किया वैदिक मंत्रोच्चार, 100 से ज्यादा प्रतिमाएं विसर्जन जुलूस में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत में गुरुवार को एक नया अध्याय जुड़ा, जब सयाजी द्वार पर मां चामुंडा और तुलजा भवानी के रथों की रेड कारपेट बिछाकर भव्य अगवानी की गई। विधायक गायत्रीराजे पवार की पहल पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में पुलिस बैंड की धार्मिक और राष्ट्रीय धुनों ने समां बांध दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक माताजी के स्वागत के लिए मौजूद रहे। दोपहर करीब एक बजे मां चामुंडा और तुलजा भवानी के रथ सयाजी द्वार पहुंचे। इस दौरान माताजी के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। 21 पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार किया, जिसके बाद विधायक गायत्रीराजे पवार सहित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने माताजी की आरती की। आरती के बाद पुलिस बैंड की धुन पर सैनिक संगठन के सदस्यों ने माताजी को सलामी दी। इस दौरान रंगारंग आतिशबाजी भी की गई। भव्य स्वागत समारोह के बाद विसर्जन चल समारोह प्रारंभ हुआ। इसमें सैनिक संगठन के सदस्य मार्चपास्ट करते हुए आगे चल रहे थे, जबकि पीछे मां चामुंडा और तुलजा भवानी के रथ चल रहे थे। चल समारोह खेड़ापति मंदिर से होते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से निकला।

100 से ज्यादा प्रतिमाएं निकली

देवास में निकले विसर्जन चल समारोह में मां दुर्गा के कई अलग-अलग स्वरूप देखने को मिले। इनमें बाल स्वरूप और झूले पर विराजित मां की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहीं। सयाजी द्वार से एमजी रोड तक सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए मौजूद रहे। शहर में अनेक मंचों से सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने प्रतिमाओं का स्वागत किया। आरती, पुष्पवर्षा और जयकारों के बीच चल समारोह आगे बढ़ता रहा। खबर लिखे जाने तक 100 से ज्यादा प्रतिमाएं विसर्जन जुलूस में शामिल हुई। चल समारोह में शामिल युवा डीजे और ढोल-ताशों की धुन पर नाचते नजर आए। मां की प्रतिमाओं के आगे भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था।



सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस मुस्तैद

विसर्जन चल समारोह को देखते हुए शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया। एमजी रोड पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। चल समारोह से पहले एसडीएम अभिषेक शर्मा, सीएसपी सहित अन्य अधिकारियों ने निर्धारित मार्ग का जायजा लिया। साथ ही डीजे संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समझाइश दी गई।

मोबाइल चोरी से खुला 5 राज्यों के 22 जिलों का नेटवर्क

अंतरराज्यीय गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में हुई दो मोबाइल चोरी की घटनाओं की जांच में पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 1.50 करोड़ रुपए कीमत के 400 मोबाइल फोन और 6 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, जब्त मोबाइल मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और दमन सहित 5 राज्यों व केंद्र शासित क्षेत्र के 22 जिलों से चोरी किए गए थे। मामले की शुरुआत 13 सितंबर को एबी रोड स्थित अपना स्वीट्स पर सोमेश जोशी का मोबाइल चोरी होने और 21 सितंबर को पीठा रोड स्थित तिवारी स्वीट्स से लकी जलोदकर का मोबाइल चोरी होने की शिकायतों से हुई। दोनों मामलों में कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज किए गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण कर आरोपियों की गतिविधियों और संपर्कों की कड़ियां जोड़ीं, जिसके बाद संगठित नेटवर्क का खुलासा हुआ। पुलिस ने मनीष पारदी, सूरज सिंह पारदी और इंदौर निवासी शुभम राठौर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, मनीष और सूरज विभिन्न भीड़भाड़ वाले स्थानों से मोबाइल चोरी करते थे, जबकि शुभम चोरी के फोन एकत्र कर उनकी अवैध खरीद-फरोख्त में मुख्य रिसीवर की भूमिका निभाता था। पुलिस को चोरी के मोबाइल अन्य एजेंटों के जरिए विदेशों में तस्करी से भेजे जाने की आशंका है।

इस संबंध में पूछताछ जारी है। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराएं बढ़ाई गई हैं। कार्रवाई एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन एएसपी गजेंद्र सिंह वर्धमान के मार्गदर्शन और सीएसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में कोतवाली थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया की टीम ने की।

12.44 करोड़ की सीवरेज परियोजना पूर्णता की ओर



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश की जीवन रेखा माँ नर्मदा को अविरल, स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने के संकल्प के तहत देवास जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नेमावर में सीवरेज परियोजना का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम 'मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी' द्वारा लगभग 12.44 करोड़ रुपये की लागत से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को धरातल पर उतारा गया है।

इस परियोजना के क्रियान्वयन से नेमावर नगर में उत्सर्जित होने वाले अपशिष्ट जल के वैज्ञानिक व सुरक्षित उपचार की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित हो गई है।आधुनिक शोधन संयंत्र एवं विस्तृत सीवरेज नेटवर्कपरियोजना के अंतर्गत आधुनिक तकनीक पर आधारित 1 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (मलजल शोधन संयंत्र) स्थापित किया गया है। इसके साथ ही पूरे नगर में 12.57 किलोमीटर लंबा भूमिगत सीवरेज नेटवर्क बिछाया गया है तथा व्यवस्थित रखरखाव के लिए 496 मैनहोल का निर्माण कराया गया है। नगर के 1,112 घरों को सीवरेज प्रणाली से जोड़ने के लिए घरेलू कनेक्शन की व्यवस्था की गई है, जिससे नगर की 5 हजार से अधिक आबादी सीधे तौर पर लाभान्वित होगी।धार्मिक नगरी नेमावर में वर्षभर और विशेष रूप से नर्मदा जयंती, महाशिवरात्रि व कार्तिक पूर्णिमा जैसे पर्वों पर लाखों श्रद्धालु दर्शन और नर्मदा स्नान के लिए पहुंचते हैं।

पूर्व में नगर का अपशिष्ट जल नर्मदा नदी की स्वच्छता के लिए चुनौती बनता था। इस परियोजना के प्रारंभ होने से घरों से निकलने वाले गंदे पानी को सीधे नदी में मिलने से रोका जा सकेगा। संयंत्र में पानी के वैज्ञानिक शोधन के बाद ही उसका पर्यावरण अनुकूल निस्तारण होगा, जिससे नर्मदा के जल की गुणवत्ता बनी रहेगी और धार्मिक नगरी का वातावरण स्वच्छ व स्वास्थ्यप्रद रहेगा। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक संकेत भोंडवे ने बताया कि प्रदेश के नगरीय निकायों में आधुनिक जल एवं मलजल प्रबंधन अधोसंरचना का विस्तार शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

नेमावर की यह सीवरेज परियोजना स्वच्छ, सतत एवं पर्यावरण अनुकूल नगरीय विकास के साथ माँ नर्मदा की पवित्रता व निर्मलता को अक्षुण्ण रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

खाटू श्याम मंदिर में सजा बाबा का दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



श्री खाटू श्याम मंदिर नेवरी फाटा धाम में पापांकुशा एकादशी के पावन अवसर पर गुरुवार को बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया। इस अवसर पर भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें श्याम प्रेमियों ने बाबा के भजनों का आनंद लिया। मंदिर समिति के अनुसार, एकादशी पर मंदिर के पट दिनभर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुले रहे।आयोजन के तहत सुबह 8:30 बजे महाआरती हुई, जबकि शाम 7 बजे बाबा की ज्योत के दर्शन और 7:30 बजे संध्याकालीन महाआरती आयोजित की गई। रात 8 बजे से भव्य कीर्तन प्रारंभ हुआ, जो प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। कीर्तन में उज्जैन जिले के कानड़ से भजन गायक लखन आर्य और भौरासा के मनोज राठौर ने भजनों की प्रस्तुति दी। देवास के प्रेम यादव की ओर से ज्योत सेवा की गई, जबकि बाबा का श्रृंगार श्याम मंदिर समिति ने किया। श्री खाटू श्याम मंदिर समिति नेवरी फाटा की ओर से 21 नवंबर 2026 को सामूहिक कन्या विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। समिति ने जानकारी दी कि समारोह में शामिल होने के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 22 अक्टूबर निर्धारित की गई थी। समिति के अनुसार, अब तक 51 जोड़ों का पंजीयन पूरा हो चुका है।

ग्यारस पर निकला विसर्जन जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए गुरुवार को ग्यारस के अवसर पर नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस निकाला गया। नम आंखों से भक्तों ने मां जगदंबे को विदाई दी। इस दौरान नगर की सड़कें गुलाल से पट गईं और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। विसर्जन जुलूस पारंपरिक मार्गों से होता हुआ रानी दमयंती तालाब और लोदरी नदी पहुंचा, जहां प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। बड़े हनुमान चौक पर अनिल चावड़ा, मनीष यादव, नीरज ठाकुर, नरेंद्र माली, प्रमोद पालीवाल, अर्जुन यादव सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रतिमाओं का स्वागत कर पोहे वितरित किए।

त्रिमूर्ति चौक पर श्री खेड़ापति टेंट हाउस की ओर से खिचड़ी बांटी गई। नगर परिषद कार्यालय के सामने जय सिंह राणा, पार्षदों, कर्मचारियों और अन्य लोगों ने स्वागत किया तथा शील्ड और प्रमाण पत्र वितरित किए। संस्था शिव शक्ति ग्रुप ने पोहे बांटे, जबकि छोटे हनुमान चौक पर प्रतिमाओं का स्वागत किया गया। बस स्टैंड पर लोधी समाज की ओर से स्वागत और खिचड़ी वितरण किया गया। विसर्जन के दौरान भौरासा थाना प्रभारी अनीता सिंह के साथ स्थानीय पुलिस बल के साथ सोनकच्छ और टोंकखुर्द से भी पुलिस बल मौजूद रहा। नगर परिषद ने क्रेन और गोताखोरों की मदद से प्रतिमाओं का विसर्जन कराया। विसर्जन जुलूस में श्रद्धा क्लब मालीपुर की झांकी और युवाओं के हाथों में मौजूद पोस्टर लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। पोस्टरों पर महिला अपराधों के खिलाफ संदेश लिखे गए थे।

नगर निगम आयुक्त ने रसूलपुर में औद्योगिक कचरे के अवैध भंडारण पर प्रकरण दर्ज करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

रसूलपुर में मदरसे के पास कंपनियों का अमानक ज्वलनशील औद्योगिक कचरा अवैध रूप से भंडारित करने के मामले में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने बावड़िया थाना प्रभारी को पत्र लिखा है।

नगर निगम के अनुसार, गत 6 अक्टूबर को मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रविकृष्ण गोयनर और स्वच्छता निरीक्षक शंकर सांगते ने मौके पर जांच की थी। इस दौरान लगभग 40 से 50 टन अमानक औद्योगिक कचरा पाया गया। निगम ने इसे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 का उल्लंघन बताया है। मामले में तैयब अली और अयूब अली निवासी रसूलपुर, अब्दुल कदीर पठान निवासी माताजी रोड, इस्लाम पटेल निवासी वीराखेड़ी, सिद्दीक शेख निवासी इंदिरा नगर तथा धर्मराज उर्फ अन्ना निवासी रसूलपुर बायपास के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित है। आयुक्त ने संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं में प्रकरण दर्ज करने के लिए थाना प्रभारी को पत्र भेजा है। मामले में पुलिस की आगामी कार्रवाई की जानकारी सामने आना बाकी है।

नगर में निकला संघ का पथ संचलन


हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



विजयादशमी पर मंगलवार को बागली नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भव्य पथ संचलन निकाला गया। अनुशासित गणवेश में कदमताल करते स्वयंसेवकों का नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। आयोजन में अनुमानित 800 से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। इनमें वरिष्ठ स्वयंसेवकों से लेकर तीन वर्ष की आयु के बाल स्वयंसेवक भी शामिल रहे।

पथ संचलन का शुभारंभ गड़ी चौक से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः गड़ी चौक पहुंचा, जहां संचलन का समापन हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी सचिन भार्गव रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जटाशंकर तीर्थ बागली के महंत बद्रीदास त्यागी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह नगर कार्यवाह राकेश खराड़िया और कन्नौद जिले के जिला प्रचारक सागर सानप उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों का परिचय बागली नगर कार्यवाह गुरुदत्त सिंह डाबी ने कराया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विजयादशमी पर्व के महत्व, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना, सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला।

गरबा महोत्सव का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

मां चामुंडा ग्रुप अमला ताज के तत्वावधान में मां चामुंडा के दरबार में आयोजित नौ दिवसीय गरबा महोत्सव का समापन उत्साह और भक्तिमय माहौल में हुआ। समापन अवसर पर गरबा करने वाली बालिकाओं के लिए पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जयपाल सिंह ने भी गरबा करने वाली बालिकाओं को पानी की बोतलें वितरित कर सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन जवाल सिंह ठाकुर ने किया। समारोह के दौरान प्रश्नमंच का आयोजन भी हुआ, जिसमें उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में अंतर सिंह भाटी, पूंजीलाल विश्वकर्मा, नरेंद्र सिंह पडियार, धीरज सिंह भाटी, विजेंद्र सिंह, मुकेश बैरागी, सुनील सिंह सेठी, सोबल सिंह ठाकुर, जगदीश सिंह ठाकुर, लोकेंद्र सिंह सेंधव, राहुल पाटीदार, डॉ. नवीन विश्वकर्मा सहित समिति सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

देवास में 27 अक्टूबर से आयोजित होगी अग्निवीर भर्ती रैली

रैली की तैयारियों की समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम देवास में 27 अक्टूबर से आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियों के संबंध में अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी एवं कर्नल मोहित जैन की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रैली को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कर्नल मोहित जैन ने बताया कि देवास में सेना भर्ती रैली 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों का आगमन 25 और 26 अक्टूबर से ही शुरू होने की संभावना है। बैठक में अपर कलेक्टर सोलंकी ने बताया कि पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए उचित स्थानों पर साइनेज लगाने, पर्याप्त इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने और संबंधित कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित करने के लिए भी कहा गया। अपर कलेक्टर सोलंकी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों के लिए बुनियादी सुविधाओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। बैठक में यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने, रैली स्थल के आस-पास आवश्यकतानुसार सुरक्षा बलों की तैनाती करने तथा रैली स्थल के आसपास जहरीले एवं वन्य जीवों से सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वन विभाग को संबंधित क्षेत्रों का पूर्व निरीक्षण करने तथा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के लिए कहा गया।स्वास्थ्य विभाग को रैली स्थल पर चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने तथा आपातकालीन परिस्थितियों के लिए दो एम्बुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर विशाखा देशमुख सहित जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, सेना एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।बैठक के पश्चात अधिकारियों के संयुक्त दल ने कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम स्थित रैली स्थल और शासकीय आईटीआई परिसर सहित अन्य स्थलों का मुआयना किया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात और बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए जरूरी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में एंट्री, एग्जिट पॉइंट्स, बैरिकेडिंग के निर्देश दिए।

यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद हुआ कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर गायत्री प्रज्ञापीठ में आयोजित नौ दिवसीय गायत्री यज्ञ अनुष्ठान की पूर्णाहुति के बाद कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 1000 श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रुति कृष्णपाल सिंह बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सोनकच्छ शाखा संचालिका बहन सोनाली, सत्यनारायण लाठी, तेज सिंह बघेल तथा विक्रम सिंह चौधरी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेशचंद मेहता ने की।रविंद्र नायक एवं उनके साथियों ने अतिथियों का स्वागत किया। सौभाग्य सिंह ठाकुर ने स्वागत भाषण देते हुए गायत्री परिवार की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर समाजसेवी अजय सिंह बघेल, अनीता कैलाश सिंह चौधरी, राधेश्याम गाजेश्वर, ओमप्रकाश परमार, सतीशचंद तिवारी सहित गायत्री परिवार के अनेक परिजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

दो लाख चार हजार का मोबाइल को लेकर दुकानदार से मारपीट

ललितपुर। शहर में महंगा मोबाइल फोन उधार लेकर रुपये वापस न करने और पैसे मांगने पर दुकानदार के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन निवासी इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारी ने आजादपुरा निवासी एक व्यक्ति पर दो लाख चार हजार रुपये कीमत का सैमसंग मोबाइल उधार लेने, बाद में रुपये मांगने पर गाली-गलौज करने, कॉलर पकड़कर थप्पड़ मारने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन निवासी मनोज कुमार जैन पुत्र शीतल प्रसाद जैन की शहर में इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम से दुकान है। आरोप है कि 18 सितंबर की शाम करीब 7.30 बजे आजादपुरा निवासी जितेन्द्र कुमार सेन पुत्र गोपीलाल उनकी दुकान पर आया था। उसने 2,04,000 रुपये कीमत का सैमसंग मोबाइल फोन यह कहते हुए उधार लिया था कि वह दो-तीन दिन में उसकी पूरी रकम चुका देगा। व्यापारी का आरोप है कि निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी जब रुपये नहीं मिले तो उन्होंने कई बार फोन करके भुगतान मांगा। हालांकि, आरोपित ने फोन उठाना बंद कर दिया। इसके बाद व्यापारी बकाया रकम मांगने के लिए 21 अक्टूबर को जितेन्द्र के घर पहुंचे। जब मनोज कुमार जैन ने मोबाइल की बकाया रकम मांगी तो जितेन्द्र कुमार सेन कथित तौर पर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने व्यापारी का कॉलर पकड़ लिया और थप्पड़ मार दिया। आरोप है कि इसके बाद उसने धमकी दी कि यदि दोबारा रुपये मांगने आए तो जान से मार देगा। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

खेत की जुताई कराने पर मारपीट का आरोप, 8 नामजद

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टौरिया में खेत की जुताई कराने को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। एक सहरिया आदिवासी महिला ने आठ लोगों पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने, गाली-गलौज और मारपीट करने तथा जमीन पर कब्जा करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। एक परिजन और बीच-बचाव करने पहुंचे ट्रैक्टर चालक के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम टौरिया निवासी मझली बहू पत्नी चंदू सहरिया ने बताया कि आराजी संख्या 782/6, रकबा 1.16 एकड़ स्थित खेत पर उनका पारिवारिक अधिकार और कब्जा है। इसी खेत पर खेती करके उनका परिवार अपना भरण-पोषण करता है। आरोप है कि 19 अक्टूबर 2026 की रात करीब 10.30 बजे वह अपने पति चंदू और परिजन मनोज के साथ गांव के ट्रैक्टर चालक लाखन सिंह का ट्रैक्टर किराये पर लेकर खेत की जुताई करा रही थीं। इसी दौरान ग्राम गनगौरा निवासी धनंजय पुत्र अशोक, जगदीश प्रधान, अशोक पुत्र रामसेवक, विजय पुत्र देवसिंह लोधी, रामेश्वर पुत्र बलदेव, सुरेन्द्र पुत्र मथुरा बढ़ई, केहर पुत्र रतिराम और हरगोविन्द पुत्र लक्खी वहां पहुंच गए। महिला का आरोप है कि मौके पर पहुंचे लोगों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की और खेत की जुताई कराने पर आपत्ति जताई। विरोध करने पर आरोपियों ने कथित तौर पर जमीन पर कब्जा करने और जान से मारने की धमकी दी। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने महिला के पति चंदू, परिजन मनोज और बीच-बचाव करने पहुंचे ट्रैक्टर चालक लाखन सिंह के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे तीनों को चोटें आईं। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि जाते समय आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर रास्ते में जान से खत्म करने की धमकी दी। शिकायत पर कोतवाली में धनंजय, जगदीश प्रधान, अशोक, विजय, रामेश्वर, सुरेन्द्र, केहर, हरगोविन्द के पर मामला पंजीकृत किया है।

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की पहल पर सर्वे के बाद डीबीटी से हुआ भुगतान

अतिवृष्टि से प्रभावित 76,020 किसानों के खातों में पहुंचे 34.42 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

48,953 किसानों को मिली 22.18 करोड़ की सहायता राशि

अतिवृष्टि के कारण फसलों को हुए नुकसान से प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा वितरण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में कराए गए सर्वे और आवश्यक अभिलेखों के सत्यापन के बाद शासन से प्राप्त राहत राशि किसानों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की गई है। अब तक जनपद के 76,020 किसानों के खातों में कुल 34 करोड़ 42 लाख 37 हजार 65 रुपये की राहत राशि भेजी जा चुकी है। शेष प्रभावित किसानों को भी जल्द राहत राशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के लिए संबंधित तहसीलों के माध्यम से सर्वे कार्य पूरा कराकर किसानों के आवश्यक दस्तावेज एकत्रित कराए और शासन को विस्तृत रिपोर्ट भेजी। इसके बाद पात्र किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। प्रशासन का कहना है कि राहत वितरण की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संचालित की जा रही है, ताकि प्रभावित किसानों को समय से आर्थिक सहायता मिल सके।



जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। शेष प्रभावित किसानों के खातों में भी धनराशि भेजने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन हरसंभव प्रयास कर रहा है। जिला प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, 16, 17 और 21 अक्टूबर 2026 को तीन प्रमुख चरणों में राहत राशि का वितरण किया गया। इन तीनों तिथियों पर कुल 76,020 किसानों को 34.42 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि प्रदान की गई। जिले की विभिन्न तहसीलों के कुल 8,339 किसानों के खातों में 2 करोड़ 82 लाख 11 हजार 733 रुपये हस्तांतरित किए गए। तालबेहट में 3,976 किसानों को 1,08,76,017 रुपये, मड़ावरा में 2,218 किसानों को 80,91,797 रुपये, महरौनी में 1,284 किसानों को 53,37,129 रुपये, ललितपुर में 861 किसानों को 39,06,790 रुपये, पाली में इस दिन राहत राशि का वितरण नहीं हुआ। 17 अक्टूबर को राहत वितरण में तेजी आई। इस दिन कुल 18,728 किसानों को 9 करोड़ 42 लाख 9 हजार 448 रुपये की सहायता राशि भेजी गई।

तालबेहट में 1,239 किसानों को 35,85,686 रुपये, मड़ावरा में 3,151 किसानों को 1,26,84,200 रुपये, महरौनी में 2,445 किसानों को 84,67,060 रुपये, ललितपुर में 5,994 किसानों को 3,47,35,503 रुपये, पाली में 5,899 किसानों को 3,47,36,999 रुपये मिले। 21 अक्टूबर 2026 को राहत राशि वितरण का सबसे बड़ा चरण सामने आया। इस दिन कुल 48,953 किसानों के बैंक खातों में 22 करोड़ 18 लाख 15 हजार 884 रुपये की धनराशि अंतरित की गई, जिसमें तालबेहट में 12,718 किसानों को 3,12,70,530 रुपये, मड़ावरा में 7,096 किसानों को 4,03,92,747 रुपये, महरौनी में 14,901 किसानों को 6,17,14,763 रुपये, ललितपुर में 9,928 किसानों को 6,52,93,057 रुपये, पाली में 4,310 किसानों को 2,31,44,787 रुपये भेजे गये। अतिवृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के बाद किसानों को आर्थिक राहत देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के तहत अब तक बड़ी संख्या में प्रभावित किसानों तक सहायता पहुंचाई गई है। शेष पात्र किसानों को भी राहत राशि उपलब्ध कराने की कार्रवाई जारी है। किसानों को उम्मीद है कि लंबित भुगतान की प्रक्रिया जल्द पूरी होने से उन्हें फसल क्षति के बाद आर्थिक परेशानियों से उबरने में मदद मिलेगी।

यात्रियों से रूबरू हुआ रेल प्रशासन, ललितपुर जंक्शन पर लिया फीडबैक

सफाई, यात्री सुविधाओं व व्यवस्थाओं पर मांगे सुझाव, फीडबैक फॉर्म में दर्ज की गई राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुपालन में गुरुवार को ललितपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रेल जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से रेल प्रशासन ने यात्रियों से सीधे संवाद कर स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं, साफ-सफाई की व्यवस्था और यात्री सुविधाओं में सुधार की संभावनाओं के संबंध में उनकी राय जानी। यात्रियों से प्राप्त सुझावों को फीडबैक फॉर्म के माध्यम से दर्ज किया गया, ताकि भविष्य में आवश्यक सुधारों की दिशा में कदम उठाए जा सकें।

कार्यक्रम वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता मयंक अग्रवाल की अध्यक्षता तथा स्टेशन मैनेजर धर्मेंद्र कुमार चतुर्वेदी के निर्देशन में आयोजित हुआ। इस दौरान रेल अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जनसंवाद के दौरान यात्रियों से स्टेशन परिसर की साफ-सफाई, उपलब्ध जनसुविधाओं और यात्रा के दौरान मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया गया।

रेल अधिकारियों ने यात्रियों से यह भी पूछा कि स्टेशन पर किन व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता है और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। यात्रियों की राय को



व्यवस्थित रूप से दर्ज करने के लिए फीडबैक फॉर्म भरवाए गए। यात्रियों ने इन प्रपत्रों के माध्यम से अपनी प्रतिक्रियाएं और सुझाव लिखित रूप में स्टेशन मैनेजर को सौंपे। रेल प्रशासन का उद्देश्य यात्रियों की जरूरतों को समझकर सुविधाओं को अधिक उपयोगी और बेहतर बनाना रहा। अधिकांश बिंदुओं पर यात्रियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही। यात्रियों ने उपलब्ध व्यवस्थाओं के संबंध में अपनी राय रखी और रेल प्रशासन की इस पहल के माध्यम से उन्हें सीधे अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाने का अवसर मिला। जनसंवाद का उद्देश्य केवल वर्तमान सुविधाओं की स्थिति जानना ही नहीं, बल्कि यात्रियों की अपेक्षाओं और सुझावों के आधार पर भविष्य में सुधार की संभावनाओं को तलाशना भी रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता मयंक अग्रवाल, सहायक मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता मनोज कुमार, स्टेशन मैनेजर धर्मेंद्र कुमार चतुर्वेदी, मुख्य वाणिज्य पर्यवेक्षक, सीटीआई संजय सोनकर, मनीष शुक्ला, आकांक्षा पाराशर, अजय कुमार, नीरज अग्रवाल, सर्विस दीक्षित और दीपक कुमार सहित संबंधित रेलकर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों और कर्मचारियों ने यात्रियों से संवाद स्थापित कर उनकी प्रतिक्रियाएं और सुझाव एकत्रित किए। कार्यक्रम के माध्यम से रेल प्रशासन और यात्रियों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के समापन पर स्टेशन मैनेजर धर्मेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने जनसंवाद टीम और उपस्थित यात्रियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आमजन से रेलवे स्टेशन और उसके परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना केवल रेल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है। रेल प्रशासन और यात्री मिलकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं, तो स्टेशन परिसर को साफ-सुथरा और बेहतर बनाया जा सकता है। यात्रियों से प्राप्त सुझावों और प्रतिक्रियाओं के संकलन के साथ जनसंवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। अब इन सुझावों के आधार पर यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास किए जाने की अपेक्षा है।

जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई

बिजली समस्या का होगा स्थाई हल

नाली व गेट को 29.83 लाख मंजूर



ललितपुर। जिले में औद्योगिक विकास को गति देने और उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में औद्योगिक आस्थान चंदेरा में बिजली की समस्या के स्थायी समाधान, नाली व गेट निर्माण तथा सड़क चौड़ीकरण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। सीडीओ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में उद्यमियों ने औद्योगिक आस्थान चंदेरा में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ग्राम रोड़ा से अलग विद्युत लाइन स्थापित करने का मुद्दा उठाया। इस पर सीडीओ ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को भौतिक सर्वे कराकर प्रस्तावित कार्य का आकलन तैयार करने और उसे बिजनेस प्लान में शामिल कराने के निर्देश दिए, ताकि बिजली की समस्या का स्थायी समाधान किया जा सके। औद्योगिक आस्थान चंदेरा में नाली और गेट निर्माण के लिए शासन से 29.83 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। बैठक में बताया गया कि आगामी दिनों में निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इससे औद्योगिक क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। ग्राम अमरपुर से करगन होते हुए दैलवारा तक तीन किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण के कार्य को लोक निर्माण खंड, ललितपुर की कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है। शेष चार किलोमीटर सड़क मंडी समिति के अधिकार क्षेत्र में है। सीडीओ ने इस हिस्से की सड़क के निर्माण के लिए मंडी समिति से कार्रवाई कराने अथवा लोक निर्माण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आगे की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में औद्योगिक इकाइयों में अग्निशमन संयंत्र स्थापित कराने और एनओसी प्राप्त करने के लिए उद्यमियों से ऑनलाइन आवेदन करने की अपेक्षा की गई। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे उद्यमियों से निरंतर संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें। बैठक में कमलेश सराफ, मुकेश जैन, नीतेश जैन, राजवीर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

307 पैकेज लेकर पहुंचा था ट्रक

फ्लिपकार्ट का 15.38 लाख का माल गायब, पुराने पते पर उतरवाई खेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट के माल की खेप में लाखों रुपये के सामान के गायब होने का मामला सामने आया है। कंपनी का हब नए स्थान पर स्थानांतरित होने के बावजूद ट्रक को कथित तौर पर पुराने पते पर बुलाकर माल उतरवाया गया। बाद में नए हब पर खेप नहीं पहुंचने पर जांच की गई तो 82 पैकेज गायब मिले। इनकी कीमत करीब 15 लाख 38 हजार 751 रुपये बताई गई है।

कंपनी की ओर से शिकायत मिलने पर कोतवाली पुलिस ने कंपनी के पूर्व कर्मचारी रवीन्द्र अहिरवार और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। औरैया जिले के कुंवरपुर (सहार) निवासी अर्पित कुमार पुत्र रमेश चंद्र ई-कॉमर्स कंपनी में कार्यरत हैं। कंपनी का पुराना हब ललितपुर में पुरानी चुंगी, ग्राम पनारी के पास स्थित था। बाद में इसे स्थानांतरित कर ग्रेविटी होटल के पास, रावतयाना क्षेत्र में संचालित किया जाने लगा।13 अक्टूबर 2026 को हरियाणा के झज्जर जिले के फारुखनगर से ट्रक संख्या आर.जे. 14 जी.पी. 0554 कंपनी का सामान लेकर ललितपुर के लिए रवाना हुआ था। ट्रक को चालक कौशल कुमार चला रहा था। खेप को कंपनी के नए हब पर पहुंचाया जाना था, लेकिन आरोप है कि कंपनी के पूर्व कर्मचारी रवीन्द्र अहिरवार निवासी मैलवारा खुर्द और उसके अन्य साथियों ने कथित मिलीभगत से चालक को पुराने हब के पते पर बुला लिया। आरोप है कि पुराने पते पर ही ट्रक से माल उतरवा लिया गया। जब खेप नए हब पर नहीं पहुंची तो कंपनी की ओर से खोजबीन शुरू की गई। इसी दौरान माल को दूसरी गाड़ी में लादकर कहीं अन्यत्र भेजे जाने की बात सामने आई। शिकायत के अनुसार, चालक ने पूछताछ की और माल दूसरी गाड़ी में ले जाने का विरोध किया, डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गई। कंपनी की खेप में कुल 307 पैकेज थे, लेकिन कंपनी को केवल 225 पैकेज ही प्राप्त हुए। 82 पैकेज गायब मिले।

रंजिश और कहासुनी पर विवाद

भौंती गांव में घर के सामने लाठी-डंडों से तीन लोगों से मारपीट का आरोप

ललितपुर। थाना मदनपुर क्षेत्र के ग्राम भौंती में पुरानी रंजिश और कहासुनी को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि सात लोगों ने एक घर के सामने पहुंचकर गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। शिकायत पर पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम भौंती निवासी अमान सिंह पुत्र रघुराज सिंह लोधी ने बताया कि 20 अक्टूबर की शाम करीब छह बजे वह अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव के भगवत, जगदीश, हम्मीर और राजेश, सभी पुत्रगण बहादुर सिंह, सूर्यवेद और इंद्रवेद, दोनों पुत्रगण जगदीश, तथा राजवीर पुत्र राजेश सिंह वहां पहुंच गए। आरोप है कि सभी लोग गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने एकजुट होकर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान अमान सिंह के भाई भगवान सिंह और परिवार की माया पत्नी रघुराज सिंह बीच-बचाव करने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। तहरीर के आधार पर थाना मदनपुर पुलिस ने भगवत, जगदीश, हम्मीर, राजेश, सूर्यवेद, इंद्रवेद और राजवीर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

खंगार क्षत्रिय समाज विकास सेवा संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने ठाकुर भान सिंह

समाज की एकता और विकास के लिए करेंगे कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

खंगार क्षत्रिय समाज के संगठनात्मक विस्तार, सामाजिक एकता और समाज के सर्वांगीण विकास को मजबूत करने की दिशा में ठाकुर भान सिंह खंगार महरौनी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें खंगार क्षत्रिय समाज विकास सेवा संघ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समन्वयक मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन से समाज के लोगों में हर्ष का माहौल है। मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले में स्थित ऐतिहासिक गढ़ कुंडार में खंगार क्षत्रिय राजवंश की कुलदेवी माता गजानन मंदिर परिसर में दशहरा पर्व के अवसर पर सर्वसमाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के उत्थान, विकास, संगठनात्मक मजबूती और आपसी एकजुटता सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

वक्ताओं ने समाज की प्रगति के लिए आपसी सहयोग, समन्वय और संगठित प्रयासों को आवश्यक बताया। खंगार क्षत्रिय समाज विकास सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रमेश खंगार नन्नाजी की संस्तुति पर ठाकुर भान सिंह खंगार को संघ की कार्यकारिणी समिति में शामिल करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मनोनयन के माध्यम से उनसे राष्ट्रीय स्तर



पर समाज के लोगों के बीच समन्वय स्थापित करने, संगठन का विस्तार करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा की गई है। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। सामाजिक सहयोग, आपसी सद्भाव और संगठन की मजबूती के माध्यम से समाज के विकास को नई दिशा दी जा सकती है। बैठक में समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए एकता और सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रमेश खंगार नन्नाजी, पूर्व झांसी महानगर जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत परिहार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजू खंगार मुस्करा तथा गोविंद सिंह बाबूजी डबरा (ग्वालियर) सहित कार्यकारिणी के अनेक पदाधिकारी, सदस्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

प्रार्थी ने दिया प्रार्थना पत्र

25 एकड़ जमीन की पैमाइश दोबारा निष्पक्ष कराने की मांग

ललितपुर। सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम रजवारा में भूमि की पैमाइश को लेकर विवाद सामने आया है। एक प्रार्थी ने उपजिलाधिकारी सदर को प्रार्थना पत्र देकर 9 अक्टूबर 2026 को आराजी संख्या 582/1 की पैमाइश को निरस्त कर किसी अन्य निष्पक्ष राजस्व अधिकारी अथवा स्वतंत्र टीम से दोबारा पैमाइश कराने की मांग की है। प्रार्थी ने आरोप लगाया कि पैमाइश में त्रुटियां की गई हैं, जिससे भूमि की वास्तविक सीमाओं और उसके वैधानिक अधिकारों पर असर पडने की आशंका है। विवाद ग्राम रजवारा स्थित आराजी संख्या 581 एवं 582 की लगभग 25 एकड़ भूमि से जुड़ा है। प्रार्थी का कहना है कि उक्त भूमि में अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों के पट्टे भी शामिल रहे हैं।

आरोप है कि भूमि के स्वामित्व और अधिकारों की स्थिति स्पष्ट किए बिना जमीन के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ है। पीड़ित ने झांसी निवासी एक प्रभावशाली व्यक्ति और अधिवक्ता पर भूमि के विक्रय में अनियमितता के आरोप लगाए हैं। उसका दावा है कि इस मामले में उसकी भूमि भी प्रभावित होने की आशंका है। पीड़ित ने पहले भी एसडीएम सदर के समक्ष आवेदन देकर भूमि की निष्पक्ष पैमाइश कराने की मांग की थी।

इसके बाद प्रशासनिक आदेश पर टीम गठित की गई और 9 अक्टूबर को आराजी संख्या 582/1 की पैमाइश कराई गई। हालांकि, प्रार्थी ने इस कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए आरोप लगाया कि नापजोख निष्पक्ष तरीके से नहीं की गई और माप में विपक्षी पक्ष को लाभ पहुंचाने वाली त्रुटियां हुई हैं। प्रार्थी ने अपने आवेदन में पूर्व में मौजा मसौरा में गलत पैमाइश को लेकर संबंधित राजस्व कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की बात का भी उल्लेख किया।

मंडलायुक्त बिमल को दी विदाई, स्मृतियां साझा कर भावुक हुए

जरूरतमंद व्यक्ति के प्रति संवेदनशील रहें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

झांसी मंडल के मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे के कार्यकाल को सम्मान देने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों और प्रबुद्ध नागरिकों ने हिस्सा लेकर मंडलायुक्त के साथ अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान उनके कार्यकाल में हुए विकास कार्यों, प्रशासनिक मार्गदर्शन, जनकल्याणकारी योजनाओं और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता की चर्चा हुई। अपने कार्यकाल की स्मृतियां साझा करते हुए कई अधिकारी भावुक नजर आए।

शुभारंभ जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई और सीडीओ शेषनाथ चौहान ने मंडलायुक्त बिमल कुमार



दुबे को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करने के साथ किया। इसके बाद विभिन्न विभागों के अधिकारियों और उपस्थित गणमान्य लोगों ने उनके साथ काम करने के अनुभव साझा किए और उनके योगदान को याद किया। मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने कहा कि प्रशासनिक कार्यकाल में जनसामान्य की ऐसी कोई समस्या नहीं है, जिसका समाधान न किया जा सके। अधिकारियों को चाहिए कि वह विशेष रूप से उस व्यक्ति के प्रति संवेदनशील रहें, जिसका काम कहीं नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की समस्याओं को समझकर उनका समाधान करना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा जनपद के आदिवासी, गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों के दस्तावेज बनवाने, उनकी शिक्षा और मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इन कार्यों को अन्य अधिकारियों के लिए प्रेरणादायक बताया। साथ ही अधिकारियों को सलाह दी कि वह शासकीय दायित्वों के साथ अपने निजी शौक और रुचियों को भी जीवित रखें। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने मंडलायुक्त से मिले मार्गदर्शन और सहयोग को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को आगे बढ़ने का अवसर दिया। उन्होंने झांसी स्मार्ट सिटी में एसआईआर की प्रक्रिया और मुख्यमंत्री के जनपद आगमन के दौरान व्यवस्थाओं में मिले सहयोग का उल्लेख किया। इन अनुभवों को साझा करते समय जिलाधिकारी भावुक हो गए। समारोह में मंडलायुक्त की धर्मपत्नी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों को परिवार का हिस्सा बताते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

पुराने दशहरा मैदान के संरक्षण के लिए मंत्री टेटवाल ने 30 लाख देने की घोषणा की

विजयादशमी पर बारिश के बीच रावण का दहन, आतिशबाजी से गूंजा नगर





अखाड़ा प्रदर्शन के साथ निकला भव्य चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को नगर में बारिश के बीच दो स्थानों पर रावण दहन किया गया। बस स्टैंड स्थित नए दशहरा मैदान में 65 फीट और पुराने दशहरा मैदान में 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन हुआ। भव्य चल समारोह, अखाड़ों के प्रदर्शन और रंगारंग आतिशबाजी ने आयोजन को आकर्षक बना दिया। बारिश के बावजूद रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी पहुंचे। आतिशबाजी से आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा और पूरा नगर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान पुराने दशहरा मैदान के संरक्षण के लिए राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने 30 लाख रुपए देने की घोषणा की। वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने भी संरक्षण कार्य में सहयोग का आश्वासन दिया।

हिंदू उत्सव समिति के नेतृत्व में शाम 4 बजे पटवावाड़ी स्थित अंबे माता मंदिर में पूजा-अर्चना और आरती के बाद चल समारोह प्रारंभ हुआ। भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमानजी रथ पर विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकले। ढोल की थाप, धार्मिक जयकारों और अखाड़ों के रोमांचक प्रदर्शन ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। चल समारोह में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अंबे माता चैक से शुरू हुआ चल समारोह नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुराने दशहरा मैदान पहुंचा। कार्यक्रम में एसडीएम जय सोलंकी, एसडीओपी महेश सुनैया, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित जनप्रतिनिधि, समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

नप व हिउस के संयुक्त आयोजन में हुआ रावण दहन

कुरावर। असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व के अवसर पर नगर परिषद कुरावर एवं हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में नगर में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रावण दहन स्थल बरेजा पर उत्सव जैसा माहौल रहा। रावण दहन देखने के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इनमें महिलाएं, बच्चे



और युवा भी शामिल रहे।कार्यक्रम के दौरान धार्मिक उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। आयोजन स्थल पर रावण दहन देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। सभी को रावण दहन के उस क्षण का इंतजार था, जो बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है।
रावण दहन कार्यक्रम से पहले आयोजित रामलीला का समापन हुआ। रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश प्रस्तुत किया गया। रामलीला समाप्त होने के बाद आयोजन स्थल पर आकर्षक आतिशबाजी की गई।

परंपरा अनुसार रामलीला परिसर से राम सवारी आती है

नगर परिषद की बड़ी लापरवाही, राम जी की सवारी आने से पहले ही जल गया रावण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के दशहरा मैदान में नगर परिषद की बड़ी लापरवाही सामने आई। यहां भगवान राम की सवारी पहुंचने से पहले ही 51 फीट का रावण धू-धू कर जल उठा, जिससे दशहरा मैदान मैदान मे हड़कंप मच गया। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष परम्परा अनुसार रामलीला परिसर से राम सवारी तथा भगवान के विमान भव्य राम सवारी के रूप में दशहरा मैदान पहुंचते हैं जहां पर आतिशबाजी के साथ भगवान राम रावण के पुतले पर तीर चलाकर दहन करते हैं।लेकिन आश्चर्य जब हुआ कि लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए इस विशाल पुतले को नगर परिषद की अव्यवस्थाओं का शिकार होना पड़ा।

दरअसल जन चर्चा का विषय बना रहा की परिषद ने आतिशबाजी की व्यवस्था रावण के नजदीक में कर रखी थी। इसी बीच एक चिंगारी उठी और देखते ही देखते पूरा पुतला स्वाहा हो गया।मौके पर हजारों की भीड़ मौजूद थी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के हाथों में मोबाइल थे, जो इस ऐतिहासिक पल को कैद



कर रहे थे। लेकिन आंखों के सामने रावण जलता देख लोगों का सारा जोश ठंडा पड़ गया। भीड़ में मायूसी छा गई और हर तरफ अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

'सवालों के घेरे में नगर परिषद'

- सुरक्षा का होमवर्क क्यों नहीं किया गया
- आतिशबाजी रावण से दूर क्यों नहीं लगाई गई
- हजारों की भीड़ में फायर सेफ्टी के क्या इंतजाम थे

किरकिरी के बाद जागी परिषद, आनन-फानन में बनाया दूसरा पुतला

जमकर किरकिरी होने के बाद नगर परिषद ने तत्काल फ्लेक्स पर रावण का सिर तथा कपड़े तथा घास पुस्टे से आनन-फानन में दूसरा पुतला खड़ा किया गया। इसके बाद जैसे ही भगवान राम की सवारी मंच पर पहुंची, एक ही बाण से रावण का वध किया गया। जहां पर लगभग सात बजकर पैंतालीस मिनट पर रावण दहन हुआ और जय श्री राम के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

वर्षों पुराना बरगद का पेड़ गिरा, कोलूभेरू मंदिर क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

शहर के सुठालिया बायपास के आगे स्टेट हाईवे पर स्थित कोलूभेरू मंदिर के समीप लगे वर्षों पुराना बरगद का पेड़ मंगलवार रात्रि में आए आंधी तुफान बारिष के चलते धराषाही हो गया है। पेड़ के गिर जाने से पास में बने कोलूभेरू महाराज का मंदिर भी क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पेड़ की लंबाई अधिक होने के कारण रोड का आवागमण भी बंद हो गया। बुधवार सुबह नगर पालिका की टीम ने पहुंचकर पेड़ की कटाई-छटाई कर रोड से हटाया गया, तब कही फिर से सुगम आवागमण चालू हो पाया।



पांच विकासखंडों में 26 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

एडिप योजना एवं राष्ट्रिय वयो श्री योजना के अंतर्गत मंदसौर जिले के दिव्यांगजनो एवं वृद्धजनों को ट्राईसाइकल, मोटर ट्राइसइकल, कृत्रिम अंग एवं जीवन सहायक उपकरण प्रदाय किये जाने के लिए चिन्हांकन/मुल्यांकन हेतु परीक्षण शिविर समस्त विकासखण्ड स्तर पर निम्नांकित तिथियों में शिविर आयोजित किये जाएंगे। 26 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे जनपद पंचायत परिसर मंदसौर शिविर में मंदसौर विकासखण्ड में सम्मिलित जनपद पंचायत मंदसौर, नगर पालिका मंदसौर, नगर परिषद नगरी। 27 अक्टूबर को प्रातः 11:00 बजे जनपद पंचायत परिसर मल्हारगढ़ में मल्हारगढ़ विकासखण्ड में सम्मिलित जनपद पंचायत मल्हारगढ़, नगर पालिका मल्हारगढ़, नगर परिषद मल्हारगढ़, नगर परिषद नारायणगढ़, नगर परिषद पिपलिया मंडी। 28 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे सांदीपनी विद्यालय सितामऊ रोड़ लदुना में सितामऊ विकासखण्ड में सम्मिलित जनपद पंचायत सितामऊ, नगर परिषद सितामऊ, नगर परिषद सुवासरा। 29 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे सिविल हॉस्पिटल परिसर भानपुरा में भानपुरा विकासखण्ड में सम्मिलित जनपद पंचायत भानपुरा, नगर परिषद भानपुरा, नगर परिषद भैंसोदा। 30 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे सिविल हॉस्पिटल परिसर गरोठ में गरोठ विकासखण्ड में सम्मिलित जनपद पंचायत गरोठ, नगर परिषद गरोठ, नगर परिषद शामगढ़। परीक्षण शिविर में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) उज्जैन के पुनर्वास विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनो एवं वृद्धजनों का चिन्हांकन, मुल्यांकन किया जायेगा एवं पात्र पाए जाने पर आगामी शिविर में उपकरण वितरित किये जाएंगे और कृत्रिम अंग का वितरण शिविर स्थल पर ही किया जाएगा।

असत्य पर सत्य की जीत, बुराई रूपी रावण का दहन

विजयादशमी पर भगवान रघुनाथजी का निकाला चल समारोह, अखाड़ों के कलाकारों ने दिखाए करतब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

नगर में मंगलवार को विजयादशमी का पर्व पारंपरिक उल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। मेले वाले बाग स्थित दशहरा मैदान में भगवान रघुनाथजी के बाण का स्पर्श कराकर रावण दहन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया।

विजयादशमी पर दोपहर 3 बजे रघुनाथजी मंदिर से सलामी की परंपरा के साथ भगवान रघुनाथजी का चल समारोह शुरू हुआ। नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ चल समारोह दशहरा मैदान पहुंचा। रास्ते में जगह-जगह अखाड़ों के कलाकारों ने अपने करतबों का प्रदर्शन किया। इसके बाद



दशहरा मैदान में भगवान रघुनाथजी के बाण का स्पर्श कराकर रावण दहन किया गया। पूजन-आरती के बाद गर्भगृह में विराजित की प्रतिमाएं रावण दहन के बाद भगवान रघुनाथजी का विमान वापस मंदिर पहुंचा। यहां पूजा-अर्चना और आरती के बाद देव प्रतिमाओं को पुनः गर्भगृह में विराजित किया गया। इसके बाद नगर में दशहरा मिलन का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा।

लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर दशहरा मिलन किया और पर्व की शुभकामनाएं दीं। समिति सहित प्रशासन का रहा सहयोग आयोजन में हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं विधायक मोहन शर्मा सहित नगर पालिका, पुलिस-प्रशासन तथा विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों का सहयोग रहा।

संजय टाइगर रिजर्व में भारतीय गौरों के सामाजिक व्यवहार पर किया शोध

भास्कर भंडारी अमेरिका के न्यूयॉर्क में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान 'बेस्ट टॉक' पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के सुल्तानिया गांव निवासी भास्कर भंडारी ने अमेरिका में अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्हें न्यूयॉर्क में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संरक्षण विज्ञान छात्र सम्मेलन में 'बेस्ट टॉक' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि से सुल्तानिया गांव सहित पूरे जिले में खुशी का माहौल है। भास्कर भंडारी ने न्यूयॉर्क स्थित अमेरिकन म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री में आयोजित सम्मेलन में मध्यप्रदेश के संजय टाइगर रिजर्व में पुनर्स्थापित भारतीय गौरों के सामाजिक व्यवहार पर अपना शोध प्रस्तुत किया। उनकी शोध प्रस्तुति को उत्कृष्ट माना गया, जिसके लिए उन्हें 'बेस्ट टॉक' पुरस्कार प्रदान किया गया।



प्रकृति के प्रति प्रेम ने दिलाई सफलता

भास्कर बचपन से ही प्रकृति को करीब से समझने और जानने के जिज्ञासु रहे हैं। पशु-पक्षियों और वनस्पतियों के प्रति उनका विशेष लगाव रहा है। प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति इसी रुचि ने उन्हें शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और आज वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। भास्कर के पिता सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक हैं और पशुपालन से भी जुड़े रहे हैं। परिवार में पशुओं के प्रति लगाव और प्रकृति से जुड़ाव ने भी उनके जीवन को प्रभावित किया है। भास्कर की इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि से सुल्तानिया गांव का गौरव बढ़ा है। उनकी सफलता पर ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

तकनीकी कार्य हेतु नियमित कर्मचारी नियुक्त किए जाएं: विद्युत फेडरेशन

मंदसौर। म. प्र. विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन के प्रांतीय महामंत्री डी. एस. चंद्रावत ने ऊर्जा मंत्री, ऊर्जा सचिव एवं विद्युत कंपनी के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर मांग की है कि विद्युत विभाग कि कार्यप्रकृति जोखिम भरी एवं स्थाई है तकनीकी कार्य हेतु नियमित कर्मचारी ही नियुक्त किए जाएं। नियमित कर्मचारी कि नियुक्ति होने तक कंपनी द्वारा वैकल्पिक रूप से जो आउटसोर्स कर्मी नियुक्त किए जा रहे हैं वो अकुशल श्रेणी में नियुक्त किए जा रहे हैं अकुशल श्रेणी के कर्मचारी विद्युत लाइन पर कार्य करने हेतु अधिकृत नहीं होने के कारण विद्युत दुर्घटना घटित होने पर साथी नियमित कर्मचारी, उपकेंद्र प्रभारी एवं वितरण केंद्र प्रभारी को वैधानिक एवं व्यवहारिक रूप से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। पुलिस विभाग द्वारा भीड़ के दबाव में नियमित कर्मचारी के खिलाफ बिना जांच किए पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर दी जाती हैं। भीड़ द्वारा अनावश्यक दबाव बनाकर लाखों रुपए मुआवजा दिलाने हेतु अनैतिक कार्यवाही करते हुए कानून व्यवस्था बिगाड़ने के प्रयास किए जाते हैं। इन परिस्थितियों के चलते वर्तमान में प्रदेश के विद्युत कर्मचारी तनावग्रस्त होकर काफी भयभीत हैं।

विद्युत लाइन पर कार्य करते समय सदैव एक अतिरिक्त कर्मचारी साथ में रखा जाना चाहिए। पूरे प्रदेश में फीडर सेपरेशन का निर्माण कार्य करते समय कई स्थानों पर लाइन क्रॉसिंग में उचित दूरी नहीं रखी गई हैं जिसके कारण आए दिन विद्युत दुर्घटनाएं हो रही हैं। सभी क्रॉसिंग प्वाइंट पर उचित दूरी रखते हुए दोनों लाइन के बीच गार्डिंग लगवाई जाएं। सभी आउटसोर्स कर्मी का 50 लाख का दुर्घटना बीमा एवं 20 लाख रुपए का सामूहिक बीमा किया जाएं। यह जानकारी वृत अध्यक्ष दिलीप शर्मा, रीजनल सेक्रेटरी अरुण राठौर द्वारा दी गई।

मां दुर्गा की आराधना अवश्य फलदायी होती है: संत रामकिशोर दास

मंदसौर। जीवागंज स्थित श्री पिपली वाली माता जी मंदिर प्रांगण में नवशक्ति गरबा मंडल द्वारा आयोजित गरबोत्सव के पुरस्कार वितरण एवं समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह तीन छतरी बालाजी मंदिर के पूज्य संत रामकिशोर दास महाराज के सानिध्य में तथा जिला पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी प्रतीक डोसी, मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहन रामचंदानी उपाध्यक्ष ब्रजेश जोशी भी मंचासीन थे। समारोह में आशीर्वचन देते हुए पूज्य संत रामकिशोर दास जी महाराज ने कहा कि शारदीय नवरात्रि का यह महान पर्व हम सबके जीवन को एक नई दिशा देने के लिए आता है। माताजी की आराधना अवश्य फलदायी होती है। और हम सबका कल्याण होता है। जिला पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना ने कहा कि हमारे पारंपरिक पर्व और उत्सव जीवन में नई उमंग भर देते हैं। वास्तव में प्रत्येक पर्व की अपनी महत्ता होती है इनके पीछे निहित संदेश भी हमें ग्रहण करना चाहिए। आपने कहा कि एक संस्कारित समाज सुदृढ़ राष्ट्र की नींव होता है। हमारे पारंपरिक उत्सव संस्कार संस्कृति और सामाजिकता के भाव को जगाते हैं। विषेश अतिथि समाजसेवी प्रतीक डोसी ने भी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। आरंभ में स्वागत उद्बोधन देते हुए ब्रजेश जोशी ने जीवागंज में आयोजित गरबोत्सव के इतिहास ओर यहां की धार्मिक सांस्कृतिक गतिविधियों से अवगत कराया।

आरामशीनों तक पहुंचाई जा रही लकड़ी

उड़न दस्ते की कार्रवाई के बाद भी नहीं थम रहा अवैध लकड़ी परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मांचलपुर

क्षेत्र में लकड़ी के कथित अवैध परिवहन का मामला वन विभाग की कार्रवाई के बाद भी सवालों के घेरे में है। आरोप है कि क्षेत्र में संचालित कुछ आरामशीनों तक बबूल की लकड़ी की आड़ में अन्य प्रतिबंधित प्रजातियों की लकड़ियों का परिवहन किया जा रहा है। कथित तौर पर दिन-रात जारी इस परिवहन में लकड़ी की प्रजातियों और आवश्यक दस्तावेजों की जांच को लेकर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि वन विभाग के उड़न दस्ते की कार्रवाई के बावजूद लकड़ी के परिवहन पर पूरी तरह रोक लगने की स्थिति स्पष्ट नहीं है। ऐसे में कार्रवाई के बाद भी यदि परिवहन जारी है, तो



इसकी निगरानी किस स्तर पर की जा रही है? क्या लकड़ी से लदे वाहनों के दस्तावेजों की नियमित जांच हो रही है और आरामशीनों तक पहुंचने वाली लकड़ी के स्रोत का सत्यापन किया जा रहा है?

बबूल की आड़ में दूसरी लकड़ियों के परिवहन -क्षेत्र में बबूल की लकड़ी के साथ अन्य प्रतिबंधित प्रजातियों की लकड़ियां लाए जाने की चर्चा है। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि के लिए लकड़ी की प्रजातियों, परिवहन अनुमति और संबंधित आरामशीनों के अभिलेखों की जांच जरूरी है। यदि बिना वैध अनुमति प्रतिबंधित लकड़ियों का परिवहन किया जा रहा है, तो यह वन नियमों के उल्लंघन का मामला हो सकता है। ऐसे में संबंधित वाहनों और लकड़ी के भंडारण की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की जरूरत है।

रेंजर बोले- लगातार कर रहे कार्रवाई, दिन में भी बढ़ाएंगे गश्त

इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी गुलाब प्रसाद अरमा से उनका पक्ष जानने के लिए चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है और नियमित गश्त भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि विभाग दिन के समय भी गश्त बढ़ाएगा।अब देखना होगा कि गश्त बढ़ाने और कार्रवाई जारी रखने के दावे के बीच लकड़ी के कथित अवैध परिवहन पर कितनी प्रभावी रोक लग पाती है।

प्लेटफॉर्म पर रेल अधिकारियों ने लगाया रेल जन संवाद कैम्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़

कोटा रेल मंडल अंतर्गत आने वाले शामगढ़ रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह कोटा रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रेल जनसंवाद कैंप आयोजित किया गया । कैंप में कोटा से आए वरिष्ठ रेल अधिकारियों द्वारा यात्रियों की समस्या सुनी गयी और यात्रियों से रेल सेवा में परिवर्तन और सुविधाओं के संबंध में सुझाव भी मांगे गए ,यात्रियों द्वारा जनरल कोच में साफ सफाई की शिकायत की गई। शामगढ़ प्लेटफार्म नंबर एक पर टिकट वैंडिंग मशीन लगाने के सुझाव साझा किए । साथ ही ट्रेन में महिला सुरक्षा हेतु पुलिस गश्ती दल के



ड्यूटी हर ट्रेन में लगाने के सुझाव भी दिए , रेल अधिकारियों का ज्यादा ध्यान जैन जी जनरेशन की समस्याओं पर रहा ।एक छोटे बच्चे (यात्री) द्वारा भी समस्या लिखाई गई ,जिसमें छोटे बच्चों ने कहा कि उसे हर बार ट्रेन में विंडो सीट मिलना चाहिए सरकार को चाहिए कि बच्चों को हमेशा विंडो सीट दी जाए। , बच्चे की बात सुनकर स्टेशन पर मौजूद सभी रेल अधिकारी हंसने लगे और छोटे रेल यात्री की समस्या भी नोट की गई। इस रेल संवाद कैम्प में कोटा रेल मंडल के सीनियर डीई नीरज शर्मा, एपीओ विमल मीणा, वेलफेयर इंस्पेक्टर आरबी मीणा सहित शामगढ़ स्टेशन अधीक्षक फिरोज खान, आईओडब्लू हरि प्रकाश सहित कई रेल अधिकारी कर्मचारी और आरपीएफ स्टॉफ मौजूद रहा।

रोटरी क्लब की प्रेरणा से हुआ लक्ष्मीलाल जैन का देहदान, राजकीय सम्मान से दी गई अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मंदसौर जैन समाज के प्रमुख लक्ष्मीलाल जैन के निधन के पश्चात परिजनों ने एक अनुकरणीय और साहसिक निर्णय लेते हुए उनके पार्थिव शरीर का देहदान किया। रोटरी क्लब मंदसौर की प्रेरणा से संपन्न हुए इस पुनीत कार्य से समाज में देहदान के प्रति जागरूकता का एक नया संदेश गया है।

क्लब अध्यक्ष अनिल चौधरी व सचिव संजय जैन (श्वेता) ने बताया कि गत 21 अक्टूबर को दोपहर 3.30 बजे श्री लक्ष्मीलाल जैन का निधन हुआ। निधन की सूचना दोपहर 3.45 बजे मिलते ही रोटरी क्लब मंदसौर के



सदस्यों ने तुरंत उनके शोकाकुल परिजनों से संपर्क साधा। क्लब के सदस्यों ने परिजनों को देहदान के महत्व और प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जिसके बाद परिजनों ने दिवंगत आत्मा के पार्थिव शरीर को चिकित्सा शिक्षा एवं शोध हेतु दान करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की। स्वीकृति मिलने के तुरंत बाद रोटरी क्लब परिवार ने देहदान की संपूर्ण प्रक्रिया समय रहते पूरी करवाई। शाम 6 बजे राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुसार जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी मौजूदगी में पुलिस बल द्वारा दिवंगत लक्ष्मीलाल जैन को गार्ड ऑफ ऑनर देकर राजकीय सम्मान से अंतिम विदाई दी गई। तत्पश्चात पार्थिव शरीर को मोक्ष रथ के माध्यम से सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज, मंदसौर ले जाया गया। वहाँ मेडिकल कॉलेज की डीन श्रीमती शशि गांधी एवं मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने देहदानी के पार्थिव शरीर को प्राप्त कर पुष्पमाला पहनाकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिजनों को आधिकारिक देहदान पत्र सौंपा।